अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शुक्रवार,20 मार्च 2026

PAGE NO :IV MIDDLE

गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस का जिम्मेदारी संग पालन पर जोर

कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को मेडिकल एथिक्स और गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस पर सीएमई हुई। इसमें बरेली परिक्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सक, पीजी स्टूडेंट शामिल हुए।

मेडिकल एजुकेशन विभाग की ओर से आयोजित सीएमई में मुख्य अतिथि एनआईएमसी के नेशनल कन्वीनर एवं सीएमसी लुधियाना के प्रो. दिनेश बदयाल शामिल हुए। उन्होंने मरीजों के उपचार के लिए गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस पर जोर दिया। केजीएमयू के प्रो. आरके दीक्षित ने बायोएथिक्स के नियम, बायो मेडिकल एवं हेल्थ रिसर्च में मानव भागीदारी के संबंध में नेशनल इथिकल गाइडलाइंस, बायो मेडिकल एवं हेल्थ रिसर्च में बच्चों की भागीदारी के संबंध में नेशनल इथिकल गाइडलाइंस की चर्चा की।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल की डॉ.शालिनी चंद्रा ने नई दवाइयां और उनके क्लीनिकल ट्रायल, भारत में क्लीनिकल ट्रायल और रिसर्च के लिए वर्तमान में नियामक जरूरतें पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ.सुजाता सिंह ने क्लीनिकल ट्रायल प्रोटोकाल्स, जरूरी दस्तावेजों का संग्रह, अभिलेखन और उनका रखरखाव पर व्याख्यान दिया। डॉ.एमएस बुटोला ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ.संध्या चौहान ने किया।